शनिवार
04 फरवरी 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक




भोजपुर में शौच करने निकले किसान की पूर्व के विवाद में पीट-पीटकर हत्या 2

## अब पटना में गंगा की लहरों के बीच उठाएं पार्टी का मजा



**केटी न्यूज/पटना**

पटना वासियों को शुक्रवार को बड़ा तोहफा मिला है। इसके तहत अब पटनावासी गंगा में तैरते हुए रेस्टोरेंट में खाने पीने के साथ घूमने का आनंद ले सकते हैं। पटना के गांधी घाट पर डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने एमवी गंगा विहार नाम के जलयान का उद्घाटन किया।

तेजस्वी ने कहा कि पटनावासियों के लिए यह बड़ा तोहफा है। इस रेस्टोरेंट के जरिए लोग प्राचीन पटना के साथ नया पटना को भी देख सकते हैं। गंगा विहार हर दिन एनआईटी के पास गांधी घाट से खुलेगी और गंगा में सैर कराते हुए दर्शनीय और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी कराएगी। पटना गुरुद्वारा, गुरु का बाग के साथ तमाम दर्शनीय स्थलों का भ्रमण भी कर सकते हैं। लोग इस जहाज पर अपने परिवार के साथ ना सिर्फ घूम सकते हैं बल्कि बर्थडे पार्टी, शादी सालगिरह, रिंग सेरिमनी जैसे फंक्शन के लिए भी बुक कर सकते हैं। हर दिन इसका परिचालन सुबह 11 बजे से शुरू किया जायेगा। इस जलयान में एक रेस्टोरेंट का निर्माण कराया गया है जिसकी क्षमता 48 लोगों की है, साथ ही 2 कमरे बनाए गए हैं जिसमें 1 वीआईपी लाउंज, 1 प्राइवेट लाउंज शामिल है। इसकी छत पर 30 लोगों के लिए ओपन एरिया है जहां लोग घूम सकते हैं और गंगा विहार कर सकते हैं।

- डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव एमवी गंगा विहार नाम के जलयान का किया उद्घाटन
- हर दिन एनआईटी के पास गांधी घाट से खुलेगी गंगा विहार

### क्रूज का रेट लिस्ट

क्रूज का रेट जारी कर दिया गया है। इस पर सफर के लिए प्रति व्यक्ति प्रति घंटा 300 रुपए खर्च करने होंगे। खास मौके या आयोजनों के लिए इसे बुक भी किया जा सकता है। इसके लिए 25 हजार के लेकर 51 हजार रुपए तक खर्च करने होंगे। इस दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने इसी सोच के साथ इसे दुबारा शुरू किया है कि लोग यहां आएं और एक पर्यटक के तौर पर इसका लुत्फ उठाएं। तेजस्वी ने कहा कि आने वाले समय में रिवर फ्रंट पर हम काम करवा रहे हैं।

**समाधान यात्रा: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अररिया जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश**

# खाद की कालाबाजारी करनेवालों पर कार्रवाई करें

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को समाधान यात्रा के क्रम में अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के खरहट पंचायत का भ्रमण कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने भ्रमण के क्रम में हर घर पक्की गली नाली निर्माण, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, हर घर तक नल का जल सहित अन्य विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया।

कृषक हित समूह जलपरी जीविका महिला मत्स्य उत्पादक समूह द्वारा तालाब में किये जा रहे मत्स्य पालन, बत्तख पालन के बारे में भी मुख्यमंत्री ने जानकारी ली। बायोफ्लॉक तकनीक से जीविका दीदियों द्वारा किये जा रहे मत्स्य पालन का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री को लाभार्थी जीविका दीदी वंदना देवी ने बत्तख पालन एवं मछली पालन से हो रहे लाभ एवं जीविका समूह से जुड़ने के बाद जीवन स्तर में आये बदलाव की जानकारी दी। स्थानीय लोगों की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि खाद की कालाबाजारी करने वालों एवं बिजली बिल में गड़बड़ी करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा अधिक बिजली बिल आने की शिकायतें मिली हैं, उसकी जांच कर गड़बड़ करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लें। मुख्यमंत्री ने जैविक सह सूक्ष्म सिंचाई आधारित तकनीक के माध्यम से की जा रही बैगन, लहसुन, फूलगोभी, शिमला मिर्च, पालक आदि सब्जियों की खेती का जायजा लिया। बिहार महादलित विकास मिशन अंतर्गत संचालित संजुला किशोरी समूह, (बदरी ऋषि देव टोला) खरहट की बालिकाओं से मुख्यमंत्री ने संवाद किया। आंगनबाड़ी केंद्र के पास दिव्यांगजनों को मुख्यमंत्री ने बैट्री चालित ट्राई साइकिल की चाबी प्रदान की। मुख्यमंत्री अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना एवं मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को भी चेक प्रदान किया गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत निर्मित इज्जत घर (शौचालय) की चाबी भी लाभुकों को प्रदान की गयी।



- मुख्यमंत्री ने हर घर पक्की गली नाली निर्माण, सोलर स्ट्रीट लाइट योजना सहित अन्य कार्यों का जायजा लिया
- बिजली बिल में गड़बड़ी करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें
- मुख्यमंत्री ने 2352 स्वयं सहायता समूहों को 36 करोड़ 33 लाख का चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया



### बिजली बिल ज्यादा आने की मिल रही शिकायतें

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग विभिन्न इलाकों में घूमकर जायजा ले रहे हैं कि जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उसकी कितनी प्रगति है। सभी जगहों पर काम हुआ है या नहीं। विभिन्न इलाकों में जाने से लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी मिलने पर उसका समाधान कराया जाता है। आज कई जगहों पर लोगों ने बताया है कि बिजली का बिल ज्यादा आ रहा है। इसको लेकर हमने चीफ सेक्रेटरी से लेकर सभी अधिकारियों को निर्देश दे दिया है। हमने ऐसे मामलों की पूरे तौर पर जांच करने को कहा है कि आखिर बिल इस तरह से कैसे आया है। अगर कोई गड़बड़ कर रहा है तो इसे देखना पड़ेगा। पहले से ही कहा गया है कि बिजली के उपभोक्ताओं को ज्यादा बिल नहीं आना चाहिए। घूमने के दौरान जो समस्याएं आती हैं उसका समाधान कराना ही हमलोगों की यात्रा का उद्देश्य है। अभी हमलोग यह दावा नहीं कर सकते हैं कि सभी काम हो ही गया हो लेकिन बहुत कुछ हुआ है। जहां कहीं भी हमलोग जा रहे हैं तो लोगों को लगता है कि यह भी काम होना चाहिए इसलिए वे लोग अपनी बात हमारे सामने रखते हैं। जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा को हम साथ में लिये हुए हैं कि अगर कहीं से कोई दिक्कत सामने आती है तो उसे ये भी देख सकें। जो दिक्कतें हैं उसका समाधान होना जरुरी है। आज भी हमने सभी लोगों की बातों को सुना है। कहीं पर अगर सड़क को लेकर किसी की शिकायत आती है तो उसका भी समाधान कराया जाता है।

### मुख्यमंत्री ने मखाना उत्पादन की प्रक्रिया को जाना

मुख्यमंत्री ने रानीगंज प्रखंड के मोहनी पंचायत का भी भ्रमण किया। मोहनी पंचायत में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली नाली निर्माण सहित सरकार द्वारा दी गयी जन सुविधाओं एवं चलाई जा रही विकास योजनाओं का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। बिहार कोशी बेसिन विकास परियोजना अंतर्गत पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के तालाबों में की जा रही मखाने की खेती, मत्स्य पालन, बत्तख पालन का मुख्यमंत्री ने मुआयना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मखाना वाशिंग ड्रम, मखाना हार्वेस्टिंग ड्रम, मखाना इलरिंग मशीन आदि के संबंध में लाभार्थी प्रधान बेसरा एवं लक्ष्मण बेसरा से विस्तृत जानकारी ली। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अंतर्गत यांत्रिक एरेटर का बटन दबाकर मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। कृषि सचिव एन० सरवन कुमार ने बताया कि यांत्रिक एरेटर के माध्यम से तालाबों में ऑक्सीजन सकुर्लेट कराया जाता है। यांत्रिक एरेटर तालाब के जल में ऑक्सीजन लेबल को मेंटेन रखता है। इससे मछलियों का तेजी से विकास होता है। मुख्यमंत्री कुशल श्रमिक उद्यमी कलस्टर योजना अंतर्गत स्थापित मेसर्स एमबी मखाना कलस्टर में लगे थ्रेसिंग मशीन, मखाना पैकेजिंग आदि का मुख्यमंत्री ने मुआयना किया। मेसर्स एमबी मखाना कलस्टर के अध्यक्ष प्रधान बेसरा ने मखाना उत्पादन की प्रक्रिया के विषय में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां मखाना विकास का बेहतर तरीके से कार्य किया जा रहा है आपलोग बहुत अच्छे ढंग से मखाने के उत्पादन से लेकर उसकी पैकेजिंग का काम कर रहे हैं।

## यात्रीगण कृपया ध्यान दें... आज से 11 फरवरी तक हावड़ा जानेवाली 49 ट्रेनों को रेलवे ने किया रद्द

**केटी न्यूज/पटना**

रेलवे की ओर से चार फरवरी से लेकर 11 फरवरी तक पूर्व मध्य रेल से होकर आने-जाने वाली 49 ट्रेनों को रद्द किया गया है। पूर्व रेलवे के बर्द्धमान स्टेशन पर पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक लिए जाने के कारण ट्रेनों का परिचालन अस्थायी रूप से रद्द किया गया है। इसमें सारी ट्रेनें बिहार से होकर गुजरने वाली हैं। कोलकाता-पटना गरीब रथ, जनशताब्दी समेत कई ट्रेनें शामिल हैं। अगर आप घर से निकलते हैं तो पहले चेक कर लें कि कहीं आपकी ट्रेन भी तो कैंसिल नहीं है।

### ये ट्रेनें रहेंगी रद्द

04 फरवरी- 13044 रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस, 12304 नई दिल्ली-हावड़ा लालकुंआ-हावड़ा एक्सप्रेस, 13135 कोलकाता-जयनगर एक्सप्रेस
04 एवं 07 फरवरी- 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस
04 एवं 09 फरवरी- 13105 सियालदह-बलिया एक्सप्रेस
04 एवं 10 फरवरी- 13032 जयनगर-हावड़ा एक्सप्रेस
04 एवं 11 फरवरी- 12326 नांगल डैम कोलकाता एक्सप्रेस
05 फरवरी 13136- जयनगर-कोलकाता एक्सप्रेस
05 व 08 फरवरी- 22388 धनबाद-हावड़ा ब्लैक डायमंड, 15234 दरभंगा-कोलकाता
05 से 09 फरवरी- 13030 मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस
05 एवं 10 फरवरी- 13106 बलिया-सियालदह एक्सप्रेस
06 व 09 फरवरी- 22387 हावड़ा-धनबाद ब्लैक डायमंड, 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज, 15233 कोलकाता-दरभंगा
07 फरवरी- 22911 इंदौर-हावड़ा शिप्रा
08 फरवरी- 13029 हावड़ा-मोकामा, 12352 राजेंद्रनगर टर्मिनल-हावड़ा, 15048 गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनें।

## क्रिकेटर दीपक चाहर की पत्नी को जान से मारने की धमकी

**एजेंसी/आगरा**

क्रिकेटर दीपक चाहर की पत्नी जया भारद्वाज को जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी और उनके बेटे ने दी है। दरअसल, एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी और उनके बेटे ने बिजनेस के नाम पर जया से 10 लाख रुपए लिए थे। बिजनेस शुरू न करने पर जया ने रुपए वापस मांगे, तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, उनके साथ बदसलूकी भी की। दीपक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। क्रिकेटर दीपक चाहर के पिता लोकेंद्र चाहर आगरा के थाना शाहगंज इलाके की मानसरोवर कॉलोनी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि पारीख स्पोर्ट्स एंड शॉप के मालिक ध्रुव पारीख के पिता कमलेश पारीख का जूते का व्यवसाय है। मेरी बहू जया भारद्वाज ने इसमें पार्टनरशिप के लिए ऑनलाइन लीगल एग्रीमेंट किया था। नेट बैंकिंग के जरिए आरोपियों को 7 अक्टूबर 2022 को 10 लाख रुपए दिए थे। इसके बाद उनकी नीयत खराब हो गई और उन्होंने पैसा हड़प लिया है। आरोपी कमलेश पारीख हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन में राज्य क्रिकेट टीमों के मैनेजर रहे हैं।




**प्रयागराज में इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के 150वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए उप्र के सीएम**

# बोले योगी आदित्यनाथ... हर किसी को न्याय मिलना चाहिए

**एजेंसी/प्रयागराज**

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रयागराज में आयोजित इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के 150वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन किया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ब्रिटेन को पछाड़कर 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। जी 20 में भारत नेतृत्व कर रहा है। वैश्विक मंच पर अपने को प्रस्तुत करने का अवसर मिला है। इस पर हर भारतवासी को गर्व करना होगा।

सीएम ने कहा, उत्तर प्रदेश का नागरिक न्याय की आस में प्रयागराज आता है। प्रयागराज धर्म अध्यात्म और शिक्षा की नगरी है। आज मैं अधिवक्ता के कुम्भ में आया हूं। जब व्यक्ति परेशान प्रताड़ित होता है तो न्याय के मंदिर प्रयागराज आता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में बार और बेंच का बहुत अच्छा समन्वय देखने को मिलता है। योगी ने कहा, लोक अदालत में तेजी से मुकदमों का निस्तारण हुआ है, जिसमें उप्र प्रथम स्थान पर है। मुझे बेहद प्रसन्नता है। आज इस कार्यक्रम में आने का सौभाग्य मिला है। योगी ने आगे कहा, न्याय सबको मिलना चाहिए, सस्ता न्याय होना चाहिए। लोक अदालत ने बहुत अच्छा कार्य किया है। यूपी ने बहुत अच्छा कार्य किया। अदालतों को अच्छा इंफ्रास्ट्रक्कर मिलेगा। हम मल्टीलेवल पार्किंग बनवा रहे हैं। अधिवक्ता के लिए ढाई हजार चैंबर बन रहा है, जल्द लॉ यूनिवर्सिटी बनेगी।



### अधिवक्ता की मौत होने पर पांच लाख की मदद

उन्होंने कहा, अधिवक्ता की मौत होने पर पांच लाख की आर्थिक मदद मिलेगी। युवा अधिवक्ता को भी प्रदेश सरकार मदद देगी। अधिवक्ता को 2017 से आज तक 13 करोड़ 37 लाख 92 हजार की मदद दी गई है। सीएम ने कहा, "देश के पूर्व राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद कुम्भ में कल्पवास किया। जल्द ही तहसील स्तर, आयुक्त कार्यालय और जनपद न्यायालय में अधिवक्ताओं के लिए आधुनिक चैंबर होगा। वादकारी अधिवक्ता पर बहुत विश्वास करता है। अधिवक्ताओं को वादकारी का विश्वास बनाये रखना है, उन्हें न्याय दिलाना है। कहा, इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के इस कार्यक्रम में सम्मिलित चीफ जस्टिस राजेश बिंदल जी ,जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर जी महाधिवक्ता अजय मिश्रा,जी बार के अध्यक्ष आरके ओझा, सचिव सत्यवीर सिंह जादौन जी सभी न्यायमूर्ति, सभी अधिवक्ता को प्रणाम करता हूं।

CMYK

## खबरें फटाफट

### रोहतास जिले में पांच साल की बच्ची के रेप

**रोहतास।** रोहतास जिले के शिवसागर प्रखण्ड मुख्यालय में 5 साल की बच्ची के रेप का मामला सामने आया है। परिजनों ने थाना में शुक्रवार को इस संबंध में आवेदन दिया है। आवेदन के आलोक में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मामले में आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। इस मामले में शिवसागर थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि परिजनों द्वारा दुष्कर्म का आवेदन दिया गया है। दिए आवेदन के अनुसार वारदात को 1 फरवरी 2022 को अंजाम दिया गया था। बताते हैं कि पीड़ित परिवार प्रखण्ड मुख्यालय में एक कमरे में किराया पर रहता है। आरोपी युवक मकान मालिक का बेआ बताया जाता है।। एक फरवरी को युवक बच्ची बहला फुसलाकर घर के पिछवाड़े ले गया और दुष्कर्म को अंजाम दिया। परिजनों ने लोकलाज में एक दिन बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी । थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी मुस्लिम फारुकी 20 साल है जो अलाउद्दीन फारूकी का बेटा है। पीड़िता के साथ सदर अस्पताल आए परिजन ने बताया कि बच्ची की मां घर पर नहीं थी, उसे चिप्स खिलाने का लालच दे मकान मालिक का बेटा साथ ले गया और दुष्कर्म किया। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. भगवान सिंह ने बताया कि शिवसागर में बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला समाने आया है, जिसकी जांच ट्रामा सेंटर में कराई जा रही है। आरोपी युवक का भी डीएनए टेस्ट कराया जा रहा है।

# हाथीपांव गंभीर रोग, संक्रमण से बचाव के लिए नियमित दवा का सेवन जरूरी

- अनुमंडल में 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन अभियान
- स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर अपने सामने खिलायेंगे दवा
- दो वर्ष से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं महिलाओं तथा गंभीर रूप से बीमार लोगों को नहीं दी जानी है दवा। दवा का सेवन खाली पेट नहीं होगा

**केटी न्यूज/शेरघाटी**

हाथीपांव एक गंभीर बीमारी है। इससे प्रभावित होने वाले व्यक्ति को जीवन भर के लिए एक प्रकार की विकलांगता का सामना करना पड़ता है। फाइलेरिया क्युलेक्स नाम के मच्छर के काटने से होता है। यदि किसी व्यक्ति को हाथीपांव हो जाता है तो उसे प्रभावित अंग को संक्रमण से बचाना बेहद जरूरी है। अन्यथा यह गंभीर हो जाता है। फाइलेरिया एक लाईलाज बीमारी है जिससे बचाव का एकमात्र रास्ता दवा का सेवन करना है।

**फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलेगा एमडीए अभियान:** फाइलेरिया को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए अनुमंडल के सभी प्रखंडों में 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन यानि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान 14 दिनों तक चलेगा। स्वास्थ्य विभाग इस अभियान की तैयारी में जुटा है।



प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते स्वास्थ्य अधिकारी।

**आशा एवं आंगनबाड़ीकर्मियों को मिला प्रशिक्षण:** इसे लेकर शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल परिसर स्थित एएनएम हॉस्टल सभागार में आशा तथा आंगनबाड़ीकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सर्वजन दवा सेवन के दौरान यह दवा दो वर्ष से छोटे बच्चों को नहीं दी जानी है। गर्भवती महिलाओं महिलाओं तथा गंभीर रूप से बीमार लोगों को दवा नहीं दी जानी है। दवा का सेवन खाली पेट नहीं कराया जाना है। बताया गया कि हर हाल में लोगों को यह समझाना होगा कि वे इस बीमारी से बचाव के लिए दवा का सेवन जरूर करें। साथ ही दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

सिविल सर्जन रंजन कुमार सिंह तथा जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. एमई हक के निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था पीसीआई द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पीसीआई जिला समन्वयक अरुण कुमार ने दिया। इस दौरान फाइलेरिया रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा अपने कार्यक्षेत्र में योग्य लाभार्थियों को दवा सेवन कराये जाने के तौर-तरीकों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अस्पताल प्रबंधक पवन कुमार, बीसीएम जयंत कुमार तथा केयर इंडिया से जिला प्रोग्राम अधिकारी पवन कुमार, पीसीआई जिला समन्वयक अरुण कुमार तथा सोशल मोबिलाइजेशन कॉर्डिनेटर आशीष रंजन पांडे मौजूद रहे।

### दवा सेवन के लिए हो रहा मोबिलाइजेशन

अस्पताल प्रबंधक ने बताया फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दवा खिलाने के अभियान से पूर्व आशा तथा आंगनबाड़ी कर्मियों को हाथीपांव की गंभीरता के बारे में जागरूक किया गया है। उन्हें कहा गया है कि वे घर-घर जाकर योग्य लाभार्थियों को अपने सामने ही फाइलेरिया की दवा का सेवन करायेंगी। बीसीएम ने बताया कि दवा सेवन के प्रति मोबिलाइज किया जा रहा है। इसके लिए टीम का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में कम से कम दो लोग होंगे। अभियान के दौरान प्रतिदिन छूटे हुए व्यक्तियों को पुनर्भ्रमण कर दवा खिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त 7 वें एवं 14 वें दिन पूर्ण रूप से पुनर्भ्रमण करते हुए छूटे हुए सभी लोगों को दवा खिलाई जाएगी। इस तरह अभियान चलाकर ही फाइलेरिया उन्मूलन संभव है। साथ ही लोगों को भी इस बीमारी की गंभीरता को समझना होगा।

## जगदीशपुर थाना क्षेत्र के सनेया गांव की घटना, शराब के धंधे का विरोध करना पड़ा भारी

# भोजपुर में शौच करने निकले किसान की पूर्व के विवाद में पीट-पीटकर हत्या

- विशेश्वर सिंह और अंशु सिंह सहित पांच लोगों को किया गया आरोपित

**केटी न्यूज/आरा/जगदीशपुर**

भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के सनेया गांव निवासी एक किसान की गुरुवार की रात पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। उनका शव शुक्रवार की सुबह दुल्हिनगंज स्थित ईंट-भट्ठा के समीप खेत से बरामद किया गया। मृतक सनेया गांव निवासी 45 वर्षीय चंद्रदीप सिंह थे। खेत में ईंट-भट्ठा का अवशेष गिराने और शराब के धंधे का विरोध करने पर गांव के पांच लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। इस संबंध में किसान की पत्नी धर्मशीला देवी की तहरीर पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। विशेश्वर सिंह और अंशु सिंह सहित पांच लोगों को आरोपित किया गया है। कहा गया है कि किसान गुरुवार की रात करीब आठ बजे शौच करने निकले थे। उसके बाद वह घर नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बाद भी उनका सुराग नहीं मिला। खोजबीन के दौरान सूचना मिली कि दुल्हिनगंज स्थित चिमनी भट्ठा के पास हैं। उस आधार पर परिजन पहुंचे तो किसान मृत अवस्था में पड़े थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। थानाध्यक्ष विलास पासवान ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। ऐसे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। वैसे परिजनों के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।



इधर, मृत किसान चंद्रदीप सिंह की पत्नी धर्मशीला देवी का कहना है कि आरोपितों का ईंट-भट्ठा है। शराब बनाने का धंधा भी किया जाता है। उसका अवशेष उनके खेत में गिरता है। उससे उनके खेत में लगी फसल बर्बाद हो रही थी। उनके पति द्वारा उसका विरोध किया जाता था। उसे लेकर आरोपितों द्वारा पूर्व में कई बार मारपीट की गयी थी। जान मारने की धमकी भी दी जाती थी। किसान की पत्नी का आरोप है कि उसी विवाद में हत्या की गयी है।

### हथियार के साथ शराब पार्टी का वीडियो बनाने के मामले में एक को जेल, दूसरे की खोज

**आरा।** हथियार के साथ शराब पार्टी करने का वीडियो बनाना दो युवकों को काफी महंगा पड़ गया। धन धुंआ हो जाई गाने की धुन पर मगन हो वीडियो बनाने में एक को जेल भेज दिया गया, जबकि दूसरे की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी प्रमोद कुमार के आदेश पर मुफस्सिल थाने की पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गयी। इस मामले में दोनों युवकों के खिलाफ पुलिस द्वारा आइटी एक्ट के तहत प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। पुलिस के अनुसार दोनों युवकों का पूर्व से आपराधिक इतिहास भी रहा है। गिरफ्तार युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी रजनीश कुमार है। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा बताया गया कि शुरुआती जांच में वीडियो करीब एक साल पुरानी होने की बात सामने आयी है। जांच में यह भी पता चला है कि वीडियो किसी यूट्यूब चैनल या मूवी के लिए शूट किया गया था। उन्होंने बताया कि चूंकि दोनों युवकों का पूर्व से आपराधिक इतिहास सामने आया है। वीडियो में शामिल एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दूसरे की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस टीम काम कर रही है।

## एक नजर

### बिहार में जल्द शुरू होगी सातवें चरण की शिक्षक नियुक्ति प्रकिया

**पटना।** बिहार में जल्द ही सांतवें चरण की शिक्षक नियुक्ति प्रकिया शुरू होने वाली है। यह जानकारी बिहार के शिक्षा मंत्री डॉ. चंद्रशेखर ने ट्वीट कर दी। उन्होंने लिखा कि एक माह के अंदर नियोजन से जुड़ी नियमावली आपके बीच आ जाएगी। उन्होंने लिखा है- जल्द ही सातवें चरण की नियुक्ति होने जा रही है। वर्ष 2023 नियुक्ति का वर्ष होने वाला है। कोई अभ्यर्थी घबराएं नहीं। महीना भर के अंदर नियोजन नियमावली आपके बीच आ जाएगा। सारी मेधा सूची योग्यता और शिक्षक पात्रता परीक्षा के आधार पर बनेगी और जिला प्रशासन के नेतृत्व में बहाली होगी..।' डॉ. चंद्रशेखर ने अन्य ट्वीट में लिखा है- 'पहले 9 हजार इकाई थी, अब ये 38 इकाई में नियुक्ति पत्र का बंटवारा होगा। किसी गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।' बता दें कि अब तक होने वाले शिक्षक नियोजन में कई तरह की गड़बड़ियां थी जिसे दूर करने की कोशिश आरजेडी के साथ सरकार बनने के बाद हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी अभ्यर्थियों को घूम-घूम कर आवेदन जमा करने और कहां जाएं नियोजन कराने उसको लेकर थी। अब नई नियमावली के तरह सेन्ट्रलाइज आवेदन लिए जाएंगे।

### रोहतास गढ़ किला पर वनवासी कल्याण महोत्सव का आयोजन कल

**रोहतास।** रोहतास गढ़ किला पर वनवासी कल्याण महोत्सव का आयोजन 5 फरवरी 2023 को होना है। यह उत्सव प्रत्येक वर्ष माघ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाए जाने की परंपरा रही है। उक्त कार्यक्रम में स्थानीय उरांव, चेरो, खरवार जनजातियों द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया जाता है और सुदूरवर्ती प्रदेशों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड इत्यादि से आदिवासी जनजातीय समुदाय के लोग भाग लेने आते हैं। वहीं डीएम धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि वनवासी कल्याण महोत्सव के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी जनजातीय संस्कृति की रक्षा और उसके आस-पास के क्षेत्रों के आस-पास पर्यटन का विकास, वन उत्पादों की बिक्री के लिए राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर स्थानीय उत्पादों, कलाकृतियों को मंच मुहैया कराना और रोजगार सृजन करना है। बताया कि वनवासी कल्याण महोत्सव मे सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद और अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी की अध्यक्षता मे स्थानीय लोगों को सम्मिलित करते हुए समिति का गठन किया गया है और अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी ही इस कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी होंगे। इस दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के द्वारा भी भाग लिया जाएगा।

### पटना एसपी और बिक्रमगंज के थानाध्यक्ष को रोहतास कोर्ट ने शो-कॉज नोटिस जारी किया

**रोहतास।** रोहतास जिला व्यवहार न्यायालय ने शुक्रवार को एसपी पटना और बिक्रमगंज के थानाध्यक्ष शो-कॉज नोटिस जारी किया है। 10 साल पुराने लूटपाट मामले में पटना निवासी अभियुक्त को कोर्ट में हाजिर ना कर पाने को ले न्यायालय ने यह सख्ती दिखाई है। जिला व्यवहार न्यायालय स्थित अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम मनोज कुमार की अदालत में अभियुक्त की अनुपस्थिति से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए एसपी पटना और बिक्रमगंज थानाध्यक्ष के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उक्त मामला सत्र वाद संख्या 342एध् 2013 में चल रहा है। जिसकी प्राथमिकी बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 67 2011 में दर्ज हुई थी। इस मामले में अभियुक्त राजू कुमार निवासी आर पी कॉलोनी पटना की उपस्थिति हेतु यह मामला पिछले 12 साल से लंबित है। लूटपाट से संबंधित इस मामले में कोर्ट ने अभियुक्त की उपस्थिति हेतु उक्त दोनों पदाधिकारियों को पूर्व में कई आदेश जारी किए थे, जिसके बावजूद दोनों पदाधिकारी अभियुक्त को न्यायालय में उपस्थित कराने में लापरवाही बरत रहे हैं।

## पति ने पत्नी समेत तीन को धारदार हथियार से वार कर किया घायल

**केटी न्यूज/बक्सर**

घर में हो रही किचकिच से परेशान पति ने ना सिर्फ अपनी पत्नी को बल्कि घर के तीन अन्य सदस्यों पर धारदार हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों के सहयोग से जख्मियों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें अन्यत्र रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संदर्भ में बगेन गोला थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि धरौली गांव निवासी बच्चा मणि कुम्हार के पुत्र जितेंद्र प्रसाद कुम्हार ने बीती रात रात्रि को घर में सोई अपनी पत्नी कलावती देवी, अपने भाई भोलू शंकर एवं अपने भतीजे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे तीनों घायल हो गए। दरअसल, आरोपी का किसी से प्रेम- प्रसंग होने का संदेह परिवार वालों को था। इसी को लेकर परिवार में बराबर कलह होता था। इसी बात को लेकर आरोपी ने घरवालों को धारदार हथियार से मारकर जख्मी कर दिया। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक घायलों की हालत अब खतरे से बाहर है।

## कैमूर में मां मुंडेश्वरी धाम पहुंचे सांसद मनोज तिवारी

**केटी न्यूज/कैमूर**

दिल्ली के बीजेपी सांसद व भोजपुरी फिल्म के अभिनेता मनोज तिवारी शुक्रवार की दोपहर कैमूर जिले के मुंडेश्वरी धाम पहुंचे। यहां पर चल रहे यज्ञ में वह शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने दर्शकों के लिए मां मुंडेश्वरी से जुड़े गाना भी गाया। साथ ही उन्होंने कहा कि जितने भी शक्तिपीठ हैं वहां पर रोपवे की कोई आवश्यकता नहीं महसूस होती है। अगर पर्यटन स्थल है तो रोपवे का निर्माण ठीक है अगर शक्ति पीठ है तो रोपवे की क्या आवश्यकता है । जो आनंद पैदल जाने में है वह रोपवे में नहीं। जिस तरह से राजगीर की घटना हुई इससे मेरा मन थोड़ा बदल गया है। सांसद मनोज तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया रोपवे का जो लोग मांग कर रहे हैं मैं कहना चाहूंगा कि वे लोग एक बार फिर विचार कर ले। मां मुंडेश्वरी धाम हो या वैष्णो देवी का धाम हो या पहाड़ पर स्थित कोई भी मंदिर हो, वहां पर पैदल जाना चाहिए। रोपवे का मांग सही नहीं है । रोपवे लोगों का मांग है तो बने ठीक है लेकिन जो पैदल चलकर पहाड़ जाने में कई प्रकार का आयूरवैदिक इलाज होता है उससे दूर हम लोग क्यों हो। जब राजगीर में हमने रोपवे को टूटते देखा उसके बाद से मेरा विचार पिछले 3 महीने से बदला हुआ है । मेरा मानना है कि जो पर्यटक स्थल है वहां पर आप रोपवे का निर्माण करें लेकिन जो भी धार्मिक स्थल है वहां पैदल ही जाना सही है। जो आनंद पैदल जाने में है वह किसी गाड़ी से जाने में नहीं है। लोगों का डिमांड है तो बने।



## 10 फरवरी तक सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर कैंसर के लक्षणों वाले मरीजों की होगी स्क्रीनिंग

# नि:शुल्क कैंसर रोग जांच सह परामर्श शिविर आज से

- विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर हो रहा आयोजन

**केटी न्यूज/बक्सर**

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर 4 से 10 फरवरी तक निःशुल्क कैंसर रोग स्क्रीनिंग सह परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निदेर्शानुसार 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के रूप में आयोजित किया जाना है। इस अवसर पर जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर निःशुल्क कैंसर रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया जाना है। हालांकि, होमी भाभा कैंसर अस्पताल और रिसर्च सेंटर के द्वारा जिले में कैंसर के प्रति जागरूकता के साथ साथ स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। लेकिन, विशेष आयोजनों के तहत जिलास्तर पर सरकारी संस्थानों में स्क्रीनिंग और परामर्श शिविर का आयोजन किया जाता है। इस संबंध में जिले के सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को शिविर लगाने को लेकर निर्देशित किया है।



**उपचार के साथ बचाव की दी जाएगी जानकारी :** गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया, स्वास्थ्य संस्थानों पर आयोजित किए जाने वाले परामर्श शिविर में मरीजों को चिकित्सकों के द्वारा कैंसर रोग की स्क्रीनिंग के साथ उन्हें कैंसर के संभावित कारणों, लक्षणों एवं उससे बचाव के प्रति जानकारी दी जाएगी। शिविर में चिकित्सकों के द्वारा सामान्य कैंसर के संभावित रोगियों की खोज कर आईजीआईएमएस पटना, एम्स पटना, पीएमसीएच एवं महावीर कैंसर अस्पताल में आवश्यक रूप से उपचार के लिए रेफर किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन के लिए बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### कैंसर की सही समय पर पहचान जरूरी

होमी भाभा कैंसर अस्पताल और रिसर्च सेंटर के चिकित्सक डॉ. वरुण सांक्रित ने बताया कि यदि कैंसर रोग की सही समय पर पहचान कर ली जाए तो इलाज द्वारा इसको नियंत्रित किया जा सकता है। जानकारी के अभाव में लोगों के शरीर में यह विकसित हो जाता है। जब तक लोग इसे जान पाते हैं, तब तक देर हो जाती और लोगों को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक परेशानियों से जूझना पड़ता है। आनेवाले समय में 90 प्रतिशत तक मृत्यु के कारण गैर संचारी रोग ही होंगे। जिनमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं कैंसर प्रमुख होंगे।




## खबरें फटाफट

### मेगा ब्लॉक के चलते डेढ़ घंटे बाधित रहा ट्रेनों का परिचालन

**बक्सर।** पूर्व मध्य रेलवे दानापुर क्षेत्राधिकार के बक्सर सेक्शन लिमिट में ओएचई वायर रिपेयरिंग को लेकर डाउन रूट में शुक्रवार को डेढ़ घंटे का मेगा ब्लॉक लिया गया। जिसके चलते डाउन रूट की ट्रेनों का परिचालन बाधित होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ओएचई वायर रिपेयरिंग को लेकर के टावर वैगन द्वारा भदौरा तथा गहमर स्टेशनों के मध्य कार्य किया गया। इस दौरान डाउन मगध एक्सप्रेस 45 मिनट विलंबित हुई तो दूसरी ओर अहमदाबाद बरौनी डाउन एक्सप्रेस ट्रेन जमानिया स्टेशन पर खड़ी रही। इस संबंध में पूछे जाने पर टीआई संजय कुमार ने बताया कि टीआरडी विभाग द्वारा मेगा ब्लॉक लेकर 25 केवीए ओएचई वायर का रिपेयरिंग किया जा रहा था। इसलिए ट्रेनों को रोकना पड़ा पूर्वाहन 10.30 से 12.00 बजे तक मेगा ब्लॉक क्लियर होने के बाद ट्रेनों का परिचालन सामान्य हुआ तब जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली।

### शराब लेकर आ रहा धंधेबाज चढ़ा जीआरपी के हत्थे

**बक्सर।** विभागीय उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशन में जीआरपी डीडीयू द्वारा चलाए जा रहे रेल अपराधियों शराब तस्करी अभियान के अंतर्गत यूपी से बिहार में शराब बिक्री के लिए जा रहे धंधेबाज को जीआरपी डीडीयू द्वारा हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में जीआरपी डीडीयू के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ में आया युवक साहिल कुमार यादव उर्फ मनी पिता दीनानाथ यादव दोस्त नगर मनेर थाना मनेर जिला पटना का निवासी है। एक सफेद झोले में 125 टेट्रा पैक 8 पीएम अंग्रेजी शराब लेकर पटना जाने के फिराक में था। जिसे चेकिंग अभियान के दौरान प्लेटफार्म संख्या एक और दो के पूर्वी छोर के पास हिरासत में ले लिया गया और जेल भेज दिया गया।

# मणिपुर को 2-0 से हराकर फाइनल में पहुंचा सीवान, उस्मान ने किए दोनों गोल

### कस्तूरबा स्मारक शील्ड फुटबाल प्रतियोगिता

**केटी न्यूज/डुमरांव**



- सीवान के गोलकीपर तुन्गसर को चुना गया मैन ऑफ द मैच
- सीवान की ओर से खेल रहे युगाण्डा के उस्मान ने खेल के 17 वें और 85 वें मिनट में किया गोल

पुराना भोजपुर के खेल मैदान में चल रहे कस्तूरबा स्मारक शील्ड फुटाबॉल प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाईनल मैच शुक्रवार को यूनाईटेड फुटबॉल क्लब सीवान व अल्फा स्पोर्ट्स एकेडमी मणिपुर के टीमों के बीच खेला गया। जिसमें यूनाईटेड फुटबॉल क्लब सीवान की टीम ने अल्फा स्पोर्ट्स एकेडमी मणिपुर को 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। जहां रविवार को उसका मुकाबला मेजबान कस्तुरबा स्पोटिंग क्लब पुराना भोजपुर से होगा। पुराना भोजपुर की टीम ने पहले सेमीफाइनल मैच में बिहार 11 कैमूर की टीम को 3-0 से पराजित किया था। सीवान की तरफ से दोनों गोल युगाण्डा के उस्मान ने खेल के 17 वें और 85 वें मिनट में किया। गोल होने के दौरान दर्शकों ने करतल ध्वनियों से उस्मान की हौसला अफजाई की। मैन ऑफ द मैच सीवान के गोलकीपर तुन्गसर को दिया गया। सीवान के गोलकीपर ने अपने बेहरीन रक्षण से अपनी टीम के लिए कई गोल बचाए तथा मणिपुर के खिलाड़ियों की मेहनत पर पानी फेर दिया। हालांकि मणिपुर टीम के खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन दिखाया। बावजूद वे सीवान के गोलकीपर के रक्षण को भेद नहीं सके। मैच की समाप्ति के बाद निर्णायक मंडल द्वारा उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब आईकॉनिक क्लासेस कोचिंग संस्थान और रौशनी वस्त्रालय के तरफ से दिया गया। मैच में मुख्य रेफरी के तौर पर हरेंद्र यादव व सहायक रेफरी की भूमिका में जनार्दन यादव, ओम प्रकाश सिंह, बिट्टू सिंह और चुनमुन शर्मा थे। वहीं उद्घोषक के रूप में समिति सदस्य ईस्लाम अंसारी व मिथुन यादव मौजूद रहे। जबकि डा ठाकुर सिंह मेडिकल कीट के साथ किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौजूद थे। मैच के दौरान आयोजक मंडल के नन्दजी सिंह, पपल सिंह, विनोद वर्मा और संजय तिवारी के साथ ही दारा सिंह, पंकज चौरसिया, पप्पु मिश्र, राज कुमार सिंह, ब्रह्मा ठाकुर, अभिमन्यु सिंह, धनजी सिंह, भूसी चौधरी, कामेश्वर प्रसाद सिन्हा, निर्मल प्रसाद, भरत चौधरी, मुस्तफा खान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मण चौधरी और विनोद सिंह मौजूद रहे। इससे पहले मैच का उद्घाटन डुमरांव प्रखंड के पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेश यादव और मनोज सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट और दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

### रविवार को पुराना भोजपुर और सीवान के बीच होगा फाइनल मुकाबला

रविवार को इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच मेजबान कस्तूरबा स्पोर्टिंग क्लब पुराना भोजपुर व यूनाईटेड क्लब सीवान की टीमों के बीच खेला जाएगा। बता दें कि पुराना भोजपुर की टीम ने पहले सेमीफाईनल में बिहार 11 कैमूर की टीम को जबकि सीवान की टीम ने दूसरे सेमीफाईन में मणिपुर की टीम को पराजित किया है। फाईनल मुकाबला जोरदार होने की उम्मीद है। दोनों ही टीमों के पास कई स्तरीय खिलाड़ी है तथा दोनों ही टीमों ने सेमीफाईनल में एक भी गोल नहीं होने दिया है। ऐसे में देखना है कि शील्ड कौन टीम ले जा रही है।

## अनदेखीः चौगाई में वर्ष 2016 में निर्माण होने के बाद से अब तक नहीं हो सका उद्घाटन

# उद्घाटन के पहले ही जर्जर होने लगा 82 लाख की लागत से बना पशु अस्पताल

**केटी न्यूज/चौगाई**



- अस्पताल परिसर चोर उचक्कों, नशेड़ियों तथा जुआड़ियों का अड्डा बनने लगा है
- अस्पताल का उद्घाटन नहीं होने से लोगों में गहरा आक्रोश

चौगाई दलित बस्ती में वर्ष 2016 में करीब 82 लाख रूपए की लागत से बनाया गया पशु अस्पताल शोभा की वस्तु मात्र बनकर रह गया है। लाखों खर्च के बावजूद इस अस्पताल में पशुओं का इलाज शुरू नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि चौगाई के दलित बस्ती में बनाए गए इस अस्पताल तक आने जाने का रास्ता नहीं है। जिस कारण विभाग द्वारा अस्पताल का उदघाटन नहीं कराया जा सका है। उदघाटन व रख रखाव के अभाव में इस अस्पताल के भवन भी अब जीर्णशीर्ण होने लगे हैं। जबकि अस्पताल परिसर चोर उचक्कों, नशेड़ियों तथा जुआड़ियों का अड्डा बनने लगा है।

अस्पताल का उदघाटन नहीं होने से स्थानीय निवासियों खासकर क्षेत्रिय पशुपालकों में घोर निराशा है। पशुपालकों का कहना है कि इस अस्पताल के बनने से उन्हें उम्मीद जगी थी कि अब उनके पशुओं का इलाज आसानी से हो जाएगा। लेकिन उदघाटन के अभाव में पशुपालकों को इसका लाभ नहीं मिल सका है। जबकि इसके उदघाटन के प्रति विभागीय अधिकारी व जिला प्रशासन मौन साधे हुए है।

**रास्ता के अभाव में नहीं हो पाया है उदघाटनः** विभागीय सूत्रों की मानें तो अस्पताल का निर्माण जहां किया गया है वहां से मुख्य पथ तक आने का रास्ता नहीं है। ऐसे में वहां काम करने वाले कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ता। जबकि रास्ते के अभाव में पशुपालक अपने पशुओं का इलाज कराने भी लेकर नहीं आ सकते थे। ऐसे में निर्माण के दौरान स्थल चयन पर भी सवाल उठ रहा है। बता दें कि दलित बस्ती के जिस जगह पर अस्पताल बनाया गया है उसके चारों तरफ आबादी है तथा रास्ता नहीं है। लेकिन निर्माण के दौरान इस ओर ध्यान नहीं दिया गया था। जिसका खामियाजा पशुपालकों को भुगतना पड़ रहा है। जबकि लाखों रूपए खर्च के बाद भी यह अस्पताल भवन अनुपयोगी बना हुआ है। वही चौगाई का पशु अस्पताल आज भी किराए के भवन में चल रहा है। जहां तैनात कर्मियों को जगह क अभाव में कई परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।

### सामानों की हो रही चोरी

सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में चोर उचक्के इस अस्पताल के खिड़की दरवाजे गायब करने में लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पशु अस्पताल के निर्माण के समय 2017 में रातों रात अस्पताल से लाखों की सामान चोरी कर घर पहुंचाने की तैयारी थी। लेकिन स्थानीय प्रतिनिधियों के सक्रिय हो जाने के कारण समान सुरक्षित बच गया था। लेकिन बाद में इस पशु अस्पताल भवन में छोटी मोटी चोरी की घटनाएं होते रहती हैं। पशु पालकों ने कहा कि अगर जिला प्रशासन इसे गंभीरता से ले तो अस्पताल उद्घाटन हो सकता है। और पशु अस्पताल अपना भवन में संचालित हो जायेगा।

*इस संबंध में चौगाई के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा संजीव कुमार ने बताया कि अस्पताल भवन का उदघाटन रास्ते के अभाव में नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलवक्त अस्पताल किराए के भवन में संचालित हो रहा है।*

## एक नजर

### भौगोलिक स्थल के परिभ्रमण के साथ युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न




**बक्सर।** नेहरू युवा केन्द्र बक्सर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आवासीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण शुक्रवार को भौगोलिक स्थल कैमूर जिले के मां मुंडेश्वरी धाम के परिभ्रमण के साथ संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में जिले के विभिन्न प्रखंडों के कुल 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। परिभ्रमण के पूर्व तीसरे दिन सामाजिक समरसता को लेकर एक जागरूकता रैली निकाली गई। जो पूरे नगर में भ्रमण किया। उसके बाद कैमूर जिला में पहाड़ी का भ्रमण कराया गया जिसके तहत मां मुंडेश्वरी मंदिर सहित कई अन्य भौगोलिक और धार्मिक स्थानों को दिखा उनके महत्व को समझाया गया। यह परिभ्रमण डुमरांव इंटर कॉलेज के भूगोल विभागाध्यक्ष डा संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गया था। संजय ने प्रतिभागियों को भौगोलिक, ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व के स्थलों के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी। तीन दिवसीय प्रशिक्षण नेहरू युवा केन्द्र बक्सर के जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ था। भौगोलिक यात्रा के बाद सेवा धाम में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर विदा किया गया। मौके पर नमामि गंग परियोजना पदाधिकारी शैलेश कुमार राय, एमवी कॉलेज के व्याख्याता रासबिहारी शर्मा, देवराजी शाह, गणेश कुमार, राहुल राय, शिव बंधु दुबे, सुनीता कुमारी, सुंदरम कुमार, शिवकुमार, अनामिका राज, देवांशु राज, अमित कुमार प्रसाद, मनजीत कुमार, श्रीकांत शर्मा, संजय कुमार गोंड, सोनी कुमारी, आशीष कुमार, खुशबू कुमारी, अरुण कुमार, सुंदरम कुमार, सागर कुमार गुप्ता, राहुल राय, अभिनंदन लाल, अंकुश कुमार, कृष्ण कुमार, संदीप कुमार राय, सहित कई अन्य मौजूद रहे।

### बक्सर पुलिस ने रास्ते में गिरे 12 बोर 500 कारतूस को बरामद किया

**बक्सर।** बक्सर पुलिस ने रास्ते मे गिरे 12 बोर की 500 कारतूस को बरामद कर लिया है। इन कारतूस को सेफ एक्सप्रेस कूरियर सेवा से लखनऊ से गन सेलर ने मंगाया था। कूरियर कार्यालय से गन सेलर के यहां ले जाने के दौरान गोलियां रास्ते में गिर गई थी। पुलिस ने सूचना के 3 घंटे बाद ही गुम हुई गोलियों को सुरक्षित बरामद कर लिया। इसकी जनकारी शुक्रवार को बक्सर एसपी मनीष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि अभी इसमें किसी की संलिप्तता उजागर नहीं हुई है। गुम हुई 500 गोलियों की पेटी गिरने के बाद किसी राहगीर ने कोई समान जानकर एक दुकानदार के पास रख दिया था। जानकारी के अनुसार राजेश शस्त्रागार ने लखनऊ से कूरियर से छह कार्टून बंदूक की गोलियां मंगाई थी।

### ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम




**नावानगर।** प्रखंड के रुपसागर स्थित ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल का 13 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस वार्षिकोत्सव पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें छात्राओं द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य इतना मोहक था कि अभिभावक व शिक्षक मंत्रमुग्ध हो गए थे। वही छात्रों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें गणेश कथक, सारे जहां से अच्छा, पढ़ोगे-लिखोगे, बुधू सा मन, गलती से मिस्टेक, जय हो, चटक मटक, राधा तेरी चुनरी, स्वाग से करेंगे सबका स्वागत, 52 गज का दामन, आंख लड़ जाय, तेरी पनाह में, अभी तो पार्टी शुरू हुई है, चुनरी जयपुर से मंगवाये, काला चश्मा, छमा छमा, मेरा यार हंस रहा है गीत संगीत एवं नृत्य शामिल था। वही स्वर्ग में नेताजी पर उपस्थित लोग हंसते-हंसते ओतप्रोत हो गए थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन नावानगर नवोदय के प्राचार्य रबीन्द्र झा एवं प्रखंड प्रमुख अंकित यदुवंशी ने संयुक्त रुप से फीता काट कर किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के डायरेक्टर दीपक कुमार ने किया। उद्घाटन के उपरांत विद्यालय के डायरेक्टर ने सभी आगंतुकों को फूल माला एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर रुपसागर मुखिया बृज कुमार सिंह, भटौली मुखिया विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह, नावानगर मुखिया प्रतिनिधि एजाजुल हक, विद्यालय प्राचार्य दिग्विजय पाण्डेय, अध्यक्ष रमेश सिंह समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं गैर शैक्षणिक कर्मी मौजूद थे।

## ट्रक के चपेट में आने से जख्मी किशोर की इलाज के दौरान मौत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- गुरूवार की देर रात सोनवर्षा हाई स्कूल के पास की है घटना

गुरूवार की रात सोनवर्षा हाई स्कूल के पास सड़क पार करने के दौरान ट्रक की चपेट में आ गंभीर रूप से जख्मी हुए किशोर की इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई है। मृतक केसठ प्रखंड के पोखरा टोला निवासी सुरेश यादव का 16 वर्षीय पुत्र कृष्णा कुमार था। इधर घटना के बाद ट्रक चालक अपना वाहन लेकर भाग निकलने में सफल रहा।

बताया जाता है कि मृतक गुरुवार की देर रात करीब दस बजे उक्त स्थान स्थित एक लाइन होटल से खाना खाने के बाद सड़क पार कर रहा था। तभी आरा से मलियाबाग की तरफ तेज रफ्तार से जा रही ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे किशोर गंभीर रुप से जख्मी हो गया। जख्मी किशोर को स्थानीय लोगों ने प्राथमिक उपचार कराने के साथ इसकी सूचना परिजनों को दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन जख्मी किशोर को चिंताजनक स्थिति में इलाज के लिए आरा ले गए। जहां इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई। बाद में मृतक के परिजनों ने शव के साथ सोनवर्षा ओपी पहुंचकर अज्ञात ट्रक पर प्राथमिकी दर्ज कराया। इधर केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया है। इस संबंध में सोनवर्षा ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि ट्रक की चपेट में आने से एक किशोर जख्मी हो गया था। जिसकी मौत इलाज के दौरान हो गई।

### पर्वतारोहण प्रतियोगिता के लिए जिले के लाल नंदन चौबे का चयन

**बक्सर।** बक्सर जिले के युवा पर्वतारोही नंदन चौबे का चयन गुजरात सरकार की ओर से आयोजित गिरनार पर्वतारोहण प्रतियोगिता के लिए किया गया है। जिससे नंदन के परिवार वालों के साथ ही जिले वासियों में खुशी का माहौल कायम हो गया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन गुजरात के जूनागढ़ में 3 से 5 फरवरी तक किया गया है। जिसमें बिहार राज्य के बक्सर जिला से नंदन चौबे को चयनित किया गया है। वे बक्सर के सरेंजा गांव के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार गुजरात सरकार पर्वतारोही की प्रतिभा को निखारने के लिए यह आयोजन हर साल कराती है। इस प्रतियोगिता जिसमें अव्वल आए प्रथम 20 प्रतिभागियों को गुजरात सरकार के द्वारा इनाम तथा प्रमाणपत्र से सम्मानित किया जाएगा।

## डुमरांव एएसपी का निर्देश... अपराध रोकने के लिए हर हाल में रात्रि गश्ती को बढ़ाएं थानेदार

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शुक्रवार को एएसपी सह डुमरांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राज के नेतृत्व में अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों के साथ क्राइम मीटिंग संपन्न हुई। क्राइम मीटिंग में एएसपी ने सभी थानाध्यक्षों के कार्यो की बारी-बारी से समीक्षा की तथा लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। एएसपी ने शराब तस्करी के जीरो टालरेंस नीति को पूरा करने के लिए 24 घंटे अलर्ट रहने को कहा। एएसपी ने कहा कि शराब तस्करी रोकने के लिए पुलिस को गश्त अभियान और तेज करना होगा। उन्होंने फरार अपराधियों तथा वारंटियों को गिरफ्तार करने के सख्त निर्देश भी दिया है।

वहीं क्राइम कंट्रोल करने के लिए दिवा गश्ती के साथ ही रात्रि गश्ती को बढ़ाने तथा पुलिस पब्लिक फ्रैडली को मजबूत करने पर बल दिया। एएसपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए जरूरी है कि पब्लिक का सहयोग मिले। यह तभी संभव है जब पुलिस पब्लिक फ्रैडली को मजबूत किया जाएगा। इसके अलावे एएसपी ने कहा कि न्यायाल के आदेशों का ससमय तामिला कराया जाए। एएसपी ने फरार अपराधियों तथा शराब तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर विमल दास, डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम, कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार, नावानगर थानाध्यक्ष राजीव कुमार, मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद, नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार समेत अनुमंडल के सभी थानों के थानाध्यक्ष मौजूद थे।

## श्री नेहनिधि नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में सदर प्रखंड के कमरपुर स्थित श्री हनुमत धाम मंदिर में होगा कार्यक्रम

# आज से शुरू होगा सद्गुरुदेव पूज्य स्मृति महोत्सव का 15 वां वार्षिकोत्सव


**केटी न्यूज/बक्सर**

- मुख्य कथा व्यास के रूप में श्री अयोध्या धाम से पधारे श्री श्री अनंत श्री विभूषित आचार्य श्री नरहरि दास जी महाराज श्रीराम कथा का वाचन करेंगे
- प्रथम दिन श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक सस्वर अखंड पाठ, द्वितीय दिन श्री रामचरित मानस का सामूहिक अखंड पाठ होगा

श्री नेहनिधि नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में श्री सद्गुरुदेव पूज्य स्मृति महोत्सव का 15 वां वार्षिकोत्सव 4 फरवरी से शुरू होगा। इसकी तैयारी तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। कार्यक्रम सदर प्रखंड के कमरपुर स्थित श्री हनुमत धाम मंदिर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक सह संस्थापक मामा जी महाराज के प्रथम शिष्य श्री रामचरित्र दास जी महाराज ने बताया कि इस वर्ष वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन 4 से 8 फरवरी तक होगा। इस दौरान मुख्य कथा व्यास के रूप में श्री अयोध्या धाम से पधारे श्री श्री अनंत श्री विभूषित आचार्य श्री नरहरि दास जी महाराज श्रीराम कथा का वाचन करेंगे।

समिति के मीडिया प्रभारी नीतीश सिंह ने बताया कि प्रथम दिन श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक सस्वर अखंड पाठ, द्वितीय दिन श्री रामचरित मानस का सामूहिक अखंड पाठ तथा अन्य शेष तीन दिन अखंड संकीर्तन का आयोजन होगा। प्रत्येक दिन श्री भक्तमाल का सामुहिक सस्वर गायन भी होगा। 8 फरवरी को श्री नारायण दास जी भक्तमाली जी महाराज के वार्षिकोत्सव का भंडारा के साथ समापन किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के कोने कोने से संत महानुभावों का समागम भी होगा। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों व भक्तों में काफी उत्साह है।

इस आयोजन को ले कमरपुर के ग्रामीण काफी उत्साहित नजर आ रहे है। आयोजन समिति के साथ मिल ग्रामीण तैयारियों को पूरा करा रहे है। हर दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रमदान कर कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप दे रहे है। साधु संतो के ठहरने की व्यवस्था भी की जा रही है। इस वार्षिकोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। उनके बैठने के लिए भी व्यवस्था की जा रही है। ताकी श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। आयोजन समिति व कमरपुर के ग्रामीणों के साथ ही आस पास के गांव के लोग भी इस आयोजन के प्रति उत्सुक हो सहयोग कर रहे है। आयोजन समिति ने बताया कि वार्षिकोत्सव काफी भव्य तरीके से मनाया जाएगा तथा पांच दिनों तक अलग-अलग धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। इस आयोजन से अभी से ही गांव का माहौल भक्तिमय बनने लगा है। वही दूर दराज से आने वाले साधु संतों का आगमन भी शुरू हो गया है। पूर्व संध्या पर बड़ी संख्या में साधु संत कमरपुर गांव पहुंचे है।



## खबरें फटाफट

### मुंडन संस्कार के दौरान युवक गंगा में डूबा

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत चैनछपरा घाट पर शुक्रवार को मुंडन संस्कार के दौरान स्नान करते एक लगभग 18 वर्षीय युवक गंगा नदी में डूब गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मल्लाहों व अन्य लोगों की मदद से डूबे युवक को नदी की गहराइयों में ढूंढवाने का प्रयास कर रही है। हल्दी थाना क्षेत्र के सोनवानी गांव निवासी संजय कानु के लड़के का मुंडन संस्कार में गांव के लोग व महिलाएं गई थी। जिसमे टिंकू प्रजापति 18 वर्ष पुत्र स्व. लक्ष्मण प्रजापति भी गया था। टिंकू अपने गांव के मुनन खरवार पुत्र हरिमोहन खरवार व संदीप यादव पुत्र मनजी यादव के साथ चैनछपरा स्थित गंगा घाट पर स्नान कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो संदीप व मुनन दोनों गंगा नदी में स्नान करते समय डुबने लगे। जिसे बचाने के लिए पहुंचा टिंकू ने उन दोनों को बचाते समय स्वयं गहरे पानी में चला गया और डूब गया।

### पुलिसकर्मियों को चौकस रहने का निर्देश

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली परिसर में शुक्रवार संध्या शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस उपाधीक्षक डॉ अजय विक्रम सिंह ने समस्त पुलिसकर्मियों को अपने कार्यों का बोध कराते हुए कहा कि आगामी रविवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाने को लेकर आप सभी पुलिसकर्मी अपने अपने क्षेत्रों में तैनात रहेंगे और निकलने वाली संबंधित झांकियां पर विशेष नजर रखेंगे। इस झांकी में कहीं कोई प्रकार का विघ्न ना पड़े ना पड़े जिसके लिए आप सभी लोग अपने-अपने स्थानों पर तैनात रहकर इस पर्व को कुशल पूर्वक मनाएंगे। इस दौरान पुलिसकर्मियों को यह भी सचेत किया कि अगर कोई भी भक्तगण इस परंपरा मैं अगर दखलअंदाजी करता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में चौकी प्रभारी कस्बा पंकज सिंह यादव लाल बहादुर प्रसाद मनोज कुमार सिंह संतराज प्रसाद कांस्टेबल मोहम्मद बिलाल सेना कुमार धर्मेंद्र सिंह रामकिशोर एवं महिला कांस्टेबल भी मौजूद रही।

### शिविर में 74 मरीजों की हुई नेत्र जांच

**मऊ।** मोहम्मदाबाद आजमगढ़ मार्ग स्थित जैन मेमोरियल अस्पताल खैराबाद मोहम्दाबाद में शुक्रवार को विशेष शिविर लगाया गया। इस शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पवन प्रकाश सिंह ने तहसील क्षेत्र के विभिन्न नेताओं से आए लगभग 74 मरीजों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें जागरूक किया तथा कुछ मरीजों को ऑपरेशन की भी सलाह दी।

# बच्चों के लिए जानलेवा है निमोनिया, अभिभावकों की जागरुकता से ही बचेगी जान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



- शून्य से लेकर पांच साल के बच्चों की अधिकतर मौतें निमोनिया की वजह से होती हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इनकी मृत्यु दर 14.3% है
- बच्चों को निमोनिया से होने वाली मौत से बचाने को लेकर सरकार द्वारा सांस कार्यक्रम चलाकर स्वास्थ्यकर्मियों को किया जा रहा प्रशिक्षित

शून्य से लेकर पांच साल के बच्चों की अधिकतर मौतें निमोनिया की वजह से होती हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इनकी मृत्यु दर 14.3% है। इसे रोकने के लिए शासन द्वारा सभी एएनएम, स्टाफ नर्स, सीएचओ, आशा संगिनी, मेडिकल ऑफिसर को सोशल अवेयरनेस एंड एक्शन टू न्यूट्रीलाइज निमोनिया सक्सेजफुली (सांस) अभियान की ट्रेनिंग देकर इसके प्रति जागरूक कर रही है। इसी के तहत मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें स्टाफ नर्स और मेडिकल अफसर शामिल रहे। प्रशिक्षण के उपरांत इन सभी लोगों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. उमेश कुमार ने बताया कि पांच साल से कम उम्र के बच्चे जिसमें निमोनिया होने की ज्यादा संभावना रहती हैं। इसके कारण उनकी मृत्यु भी हो जाती है। ऐसे बच्चों को निमोनिया से होने वाली मृत्यु से बचाने को लेकर शासन के द्वारा सांस कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रशिक्षण लेकर सभी लोग समुदाय स्तर पर जागरुक करने का कार्य करेंगे। साथ ही बचाव के तरीके जिसमें घरेलू उपाय भी शामिल हैं, बताएंगे और ज्यादा गंभीर होने पर बच्चों को स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाने के बारे में भी जानकारी देंगे। यदि बच्चा ज्यादा गंभीर हो तो पीकू वार्ड में भी रेफर किया जा सकता है।

शून्य से पांच वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों में निमोनिया एक घातक बीमारी के रूप में उभरा है। निमोनिया से बचाव के लिए उसका उचित प्रबंधन महत्वपूर्ण है। शून्य-2 माह तक के बच्चे प्रति मिनट 60 बार सांस ले सकते हैं। 2 से 12 माह तक के लिए प्रति मिनट 50 बार और 12 माह से 5 साल तक के बच्चे प्रति मिनट 40 बार सांस ले सकते हैं। अगर इस उम्र में इससे ज्यादा सांस लेने पर निमोनिया के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में अभिभावकों को सावधानी बरतनी बहुत जरूरी है। अभिभावक इस बात को समझें कि अगर सांस लेने में बच्चों को परेशानी हो रही है तो तत्काल डॉक्टर को दिखाएं। थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। इस लापरवाही के कारण बच्चे की जान जा सकती है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अरुण कुमार सिंह एचईओ, एसीएमओ डॉ जेएन सिंह,डॉ के के सिंह एसएनसीयू, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ विनय शंकर के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

### निमोनिया से बचाव के लिए बच्चों का टीकाकरण कराएं

प्रशिक्षक डॉ. सुजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि जनपद में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों में करीब 16 फीसदी बच्चे प्रति वर्ष निमोनिया से संक्रमित हो जाते हैं। बच्चों में निमोनिया के कारण होने वाली मृत्यु एवं अन्य संक्रामक रोगों से होने वाली मौत की तुलना में काफी अधिक है। इसके सामान्य लक्षण खांसी-सर्दी, बुखार, तेजी से सांस लेना, पसलियों का अंदर धंसना है। निमोनिया के कारण मृत्यु दर में कुपोषण, स्वच्छ पेयजल की कमी, स्वच्छता व स्वास्थ्य देखभाल मुख्य कारक हैं। इससे समय पर लक्षणों की पहचान कर तुरंत उपचार शुरू किया जाए। अभिभावकों में निमोनिया से बचाव को लेकर जागरूकता आने से बच्चों को इससे बचाया जा सकता है। निमोनिया से बच्चों की सुरक्षा के लिए पहले छह माह में शिशु को केवल स्तनपान करवाना, छह माह बाद पूरक पोषाहार देना, बिटामिन ए की खुराक देना, निमोनिया से बचाव के लिए बच्चों का टीकाकरण करवाना व साबुन से हाथ धुलवाना जरूरी है।

## चार करोड़ की लागत से बननेवाले विजयीपुर रेगुलेटर का परिवहन राज्यमंत्री ने किया शिलान्यास

# बलिया व इससे सटे 27 गांवों को जलजमाव से मिलेगी मुक्ति, जल्द तैयार होगा रेगुलेटर

**केटी न्यूज/बलिया**



नगर व आसपास के गांवों को जलजमाव से मुक्ति दिलाने के लिए शुक्रवार को परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने विजयीपुर रेगुलेटर के क्षमता वृद्धि कार्य का आगाज किया। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल आदि अधिकारियों की मौजूदगी में मंत्री दयाशंकर सिंह ने करीब चार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले रेगुलेटर का विधिवत भूमि पूजन व फीता काट कर शुभारम्भ किया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि इस रेगुलेटर के बन जाने के बाद नगर व इससे सटे आसपास के 27 गांवों को जलजमाव से मुक्ति मिल जाएगी। नगर व आसपास के गांवों में जल प्लावन की समस्या बहुत ही जटिल है और इसके समाधान के लिए शुरू से ही कटिबद्ध था। चुनाव के दौरान इसकी घोषणा भी की गई थी जिससे इस कार्य को प्राथमिकता पर रखा गया है। यह पूरा प्रोजेक्ट चार करोड़ रुपये से अधिक का है जिसमें शासन से अभी दो करोड़ रुपये का बजट जिले में आ भी गया है। कहा कि यह कार्य इसी वर्ष जून में पूरा हो जाएगा जिससे बरसात में लोगों को जलजमाव से निश्चित तौर पर मुक्ति मिल जाएगी। कहा शहर के कई वार्डों का मल जल इसी कटहल नाले में जाता है जिससे शहर में भी जलजमाव होता है। यह रेगुलेटर आजादी से पहले का बना है जिससे इसका जीर्णोद्धार नितांत आवश्यक है। कहा कि तत्कालिक रेगुलेटर से हर वर्ष जलजमाव की स्थिति होती है जिससे किसानों की फसलें हर साल चौपट हो जाती है। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से कटहल नाला हमेशा ओवरफ्लो हो जाता है. ऐसे में आमजन को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए चुनाव के दौरान जो भी घोषणा की गई है उसे प्राथमिकता पर पूरा कराया जाएगा. इसके लिए निरंतर प्रयास जारी है। इस रेगुलेटर के बनने के बाद 1000 क्यूबेक प्रति सेकेंड की रफ्तार से पानी की निकासी होने लगेगी। इस मौके पर जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ,सीडीओ प्रवीण वर्मा ,वीरेंद्र पाठक, टूनजी आदि मौजूद थे

### राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा नहीं बल्कि प्रायश्चित यात्रा निकालनी चाहिए

बलिया। उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राहुल गांधी को भारत जोड़ों यात्रा नही, बल्कि प्रायश्चित यात्रा निकालनी चाहिए। वहीं रामायण के मुद्दे पर चुनाव आयोग से सपा और आरजेडी की मान्यता रद्द करने की मांग पर कहा है कि ये फैसल चुनाव आयोग को करना है। पर रामायण की चौपाइयों को अगर कोई समझ ले तो उसका जीवन सार्थक हो जायेगा। कहा कि आज भारत बहुत मजबूत हुआ है। पूरी दुनियां में भारत का डंका बज रहा है। जी 20 सम्मेलन का नेतृत्व पीएम मोदी के हाथों मिला है। मंत्री ने कहा दो देश आपस में युद्ध करते हों और भारत का झंडा पहुंच जाय तो युद्ध विराम हो जाता है। कांग्रेस ने जो गलतियां की हैं उसके लिए राहुल गांधी प्रायश्चित यात्रा निकालते तब जनता का ज्यादा समर्थन मिलता। नेपाल से अयोध्या पहुंची शिला पर मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम का नाम लेकर लोग अपना जीवन सार्थक बना लेते हैं। भव्य श्रीराम मंदिर के साथ ही मूर्ति का निर्माण भी शुरू होने वाला है।

## मां भागेश्वरी देवी मंदिर के प्रांगण का डीएम ने किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/बलिया**



- महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था करने और रात में रोशनी के लिए सोलर लाइट लगाने का निर्देश

जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने ग्राम पंचायत सोनाडीह के विकासखंड सीयर के भागेश्वरी देवी मंदिर के प्रांगण का निरीक्षण किया। इससे पहले भी जिलाधिकारी इस मंदिर में आ चुकी थी और इसके रखरखाव तथा मंदिर के जर्जर हो चुके भवनों का जीर्णोद्धार करने का निर्देश दिया था। उसी के क्रम में शुक्रवार को उन्होंने वहां पर मंदिर के दर्शन करने वाले दर्शनार्थियों के लिए आश्रय स्थल, पूजा स्थल और सड़क के निर्माण का कार्य देखा।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी बेल्थरा रोड को निर्देश दिया कि जल्द ही यहां पर महिलाओं के लिए पिंक शौचालय और पुरुषों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था की जाए। साथ ही प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर लाइट लगाने और लोगों को बैठने के लिए शेड की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने वहां के अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि मंदिर में साफ सफाई की व्यवस्था की जाए और लगने वाले मेले के समय सुरक्षा व्यवस्था रखी जाए। जिलाधिकारी ने मंदिर के प्रांगण में पौधारोपण किया और कहा कि हमें अपनी संस्कृति के साथ पर्यावरण को भी बचाए रखना है। जिलाधिकारी के उपरांत सीडीओ प्रवीण वर्मा ने भी पौधारोपण किया। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी दीपशिखा सिंह,सीडीओ प्रवीण वर्मा के अतिरिक्त ग्राम पंचायत के सभी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### अरविंद सिंह उर्फ बउवा के विरुद्ध 82 की प्रक्रिया पूरी

**मनियर बलिया।** मनियर पुलिस ने बलिया जनपद थाना बांसडीह रोड के आस चौराहा निवासी अरविंद सिंह उर्फ मझिला बउआ पुत्र देवता नंद सिंह के विरुद्ध 82 की प्रक्रिया पूरी की। मनियर थाने के उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह ने उसके पैतृक निवास स्थान आसचौरा में घर पर नोटिस चस्पा की तथा उद्घोषणा की कि अरविंद कुमार सिंह उर्फ मझिला बउवा पुत्र देवता नंद सिंह निवासी आसचौरा के विरुद्ध एडीजे फाइव बलिया के न्यायालय में अपराध संख्या 208 /2009 धारा 2 /3 उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा है।

## एक नजर

### दक्षिण अफ्रीका में तंजानिया चोटी फतह करने वाली गाजीपुर की बेटी गुंजन हुई सम्मानित



**गाजीपुर।** नंदगंज थाना क्षेत्र के रेवसा निवासी राजदेव राम की पुत्री गुंजन जो दक्षिण अफ्रीका में तंजानिया चोटी फतह कर अपने गांव आने पर शुक्रवार को नंदगंज के ठाकुर जी राम लक्ष्मण जानकी इंटर कालेज में स्वागत कर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को सुबह गुंजन कुमारी का स्वागत रामपुर बन्तरा हाइ-वे पर गाजे बाजे के साथ किया गया। उसके बाद ठाकुर जी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर नंदगंज बाजार में लोगों ने जगह -जगह स्वागत किया। रैली ठाकुर जी राम लक्ष्मण जानकी इंटर कालेज में पहुंच कर सभी लोगों ने स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक उमाकांत सिंह ने कहा कि गुंजन कुमारी जब तक इस स्कूल में पड़ेगी उसे निः शुल्क पढ़ाया जाएगा ।

### शारदा नारायण एकेडमी ने वाराणसी को हराया



**मऊ।** शारदा नारायण बालक बालिका जिला स्तरीय क्रिकेट गोल्ड कप का फाइनल मैच शारदा नारायण अकादमी मऊ बनाम जी सी ऐ वाराणसी के बीच खेला गया जिसमे टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वाराणसी की टीम निर्धारित 20 ओवर 133 रन बनाये जवाब में शारदा नारायण अकादमी ने 18.3 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बालिकाओ का फाइनल मैच स्टेडियम एलेवेन बनाम शारदा नारायण क्रिकेट अकादमी के बिच खेला गया। जिसमे टॉस जीतकर स्टेडियम एलेवेन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में 8विकेट खोकर 75 रन वनाये जिसके जवाब में शारदा नारायण जी टीम न 12 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि गाजीपुर क्रिकेट एसोसिएशन के एव सदस्य अपैक्स कौंसिल उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन संजीव कुमार ने फीता काट कर किया और खिलाड़िओ से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर उन्होंने ने बताया कि पूर्वांचल के लिए मऊ क्रिकेट संघ जो कर रहा है काबिले तारीफ है और सभी खिलाड़िओ को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। आगे मऊ क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने कहा कि जनपद के लिए ये बहुत गौरव की बात है की यहाँ पे लड़किया क्रिकेट में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि जनपद के खिलाड़िओ के लिए मऊ क्रिकेट संघ हमेशा खड़ा रहेगा। इस मौके पर क्रीड़ाधिकारी मुकेश सबरवाल, मऊ क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष अजित सिंह, सचिव साबिर खान, रामा चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

### समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने मिठाईलाल भारती



**बलिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बलिया जनपद निवासी मिठाई लाल भारती को समाजवादी बाबा साहब वाहिनी का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया है। मिठाई लाल भारती के मनोनयन पर सपा कार्यकताओं व पदाधिकारियों में खुशी का माहौल है। पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मिठाई लाल भारती छात्र राजनीति से निकले संघर्ष शील व्यक्ति हैं। लंबे समय तक मिठाई लाल भारती जनता के बीच रहकर संघर्ष करने का कार्य किए हैं। उनकी इस लगनशीलता पर विचार करते हुए पार्टी ने उन्हें ये कार्यभार सौंपा है। इस मौके पर सुदर्शन चौबे, बच्चा तिवारी, अशोक मिश्रा, शशि यादव, मुनमुन चौबे, प्रकाश मिश्रा, पंकज सिंह आदि लोग मौजूद रहे। समाज के कमजोर तबके के बीच लंबे समय से कार्य करने का अनुभव मिठाई लाल भारती के पास है। इसका लाभ संगठन को मिलेगा। सपा के जिला प्रवक्ता कान्हा जी पांडेय ने कहा कि इस मनोनयन से जनपद के समाजवादियों में प्रसन्नता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक समरसता एवं समृद्धि की पक्षधर है।

## व्यवसायी नंदलाल की आत्महत्या का मामला: व्यापारी से लेकर एआईएमआईएम के नेता व पूर्व आईपीएस ने की मांग

# आरोपियों के घर पर चले बुल्डोजर, घटना की हो सीबीआई जांच

**केटी न्यूज/बलिया**

बलिया आर्म्स कॉरपोरेशन के मालिक नंदलाल गुप्ता की आत्महत्या के बाद हर कोई मर्माहत, स्तब्ध है। सूदखोरों से तंग आकर जिस तरह नंदलाल गुप्ता ने आत्महत्या की है, उससे हर किसी की जुबान में बस एक ही बात तैर रही है कि आखिर बलिया जनपद से सूदखोरों का आतंक कब खत्म होगा। मामले में भले ही 13 नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ हो, लेकिन घटना के 48 घंटे बीत जाने के बावजूद किसी की गिरफ्तारी ना हो पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान है। वहीं व्यापारी से लेकर एआईएमआईएम के नेता, पूर्व आईपीएस व विपक्ष के जिलाध्यक्ष ने भी सरकार को जमकर आड़ेहाथ लेने के साथ ही एक स्वर से मांग किया है कि सभी आरोपियों के घर योगी बाबा जल्द से जल्द बुल्डोजर चलाए।



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद गांधी ने कहा कि नंदलाल गुप्ता की आत्महत्या ने पूरे व्यापारी समाज को झकझोर करके रख दिया है। मैं इस दु:ख की घड़ी में दिवंगत नंदलाल गुप्ता के परिवार के साथ खड़ा हूं। हर कोई इस घटना से अवाक है। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी हो और सभी आरोपियों के घर योगी का बुल्डोजर चले। चेताया कि यदि माकूल कार्रवाई में विलंब हुआ तो बलिया बंद करने के साथ ही व्यापारी सड़क पर उतरेंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



एआईएमआईएम के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि दिवंगत व्यापारी की आत्महत्या अप्रत्यक्ष रूप से हत्या है। पूरे घटनाक्रम की सीबीआई जांच होनी चाहिए। ताकि सूदखोरों का जो रैकेट बलिया में सक्रिय है और लोगों को परेशान करते हैं, वह पकड़ में आए और बलिया जनपद से हमेशा-हमेशा के लिए सूदखोरों का आतंक खत्म हो। सोचने वाली बात यह है कि आखिर किस कदर सूदखोर ने नंदलाल को परेशान किया, जिसकी वजह से उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। कहा कि अविलंब सभी आरोपियों के घर बुल्डोजर चलना चाहिए।



सपा के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने कहा कि इस घटना के जिम्मेदारों की तत्काल गिरफ्तारी नहीं होती है तो समाजवादी पार्टी सड़क पर उतर कर व्यापक जनांदोलन छेड़ने के लिए बाध्य होगी। मृतक नंदलाल गुप्ता के आश्रितों को 50 लाख रूपए का मुआवजा देने के साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। आरोपियों की अवैध रूप से कमाई गई संपत्ति की जांच कर उसे जब्त किया जाए। नंदलाल गुप्ता की आत्महत्या का मामला समाज के मुंह पर तमाचा है। जनपद में सूदखोरों का आतंक खत्म होना चाहिए ताकि लोग चैन की नींद सो सकें।



पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने कहा कि व्यापारी नंदलाल गुप्ता की आत्महत्या की घटना हृदय विदारक है। योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पूरी तरह से फेल है। व्यापारी ने भले ही आत्महत्या की हो, लेकिन देखा जाए तो यह अप्रत्यक्ष रूप से हत्या है। सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हो। साथ ही उनके संपत्ति की जांच हो। बड़ी बात यह है कि व्यवसायी ने सूदखोरों के आतंक से पूरी तरह परेशान होकर इतना बड़ा कदम उठा लिया। यह पुलिस-प्रशासन की लापरवाही का भी नतीजा है। प्रशासन को तत्काल इस पर एक्शन लेना चाहिए।